प्रादेशिक समाचार
07.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नौ अक्टूबर को देवघर के सारठ में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना पर लगभग पांच सौ चौंतीस करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे देवघर और जामताड़ा जिले में चार प्रखंडों के एक सौ नौ गांवों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल में चल रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को न्यायमयसंगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जेंडर प्लेटफार्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

****

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो घाना में आयोजित 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। वे सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा विषय पर आयोजित चर्चा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को कारगर और लोक हितकारी बनाने में अहम योगदान कर रहा है।

****

राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह दस अक्टूबर को वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करेंगे। वे इस मौके पर लंबित मामलों के कारण और अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी पूरी रिपोर्ट लेंगे। मुख्य सचिव की बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है।

****

राज्य में पिछले चौबीस घंटे में डेंगू के सत्तर नए मामले सामने आए हैं। इस तरह अब डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर एक हजार आठ सौ छियासठ हो गई है। इनमें पूर्वी सिंहभूम के एक हजार अस्सी, साहिबगंज के दो सौ अस्सी, सरायकेला के एक सौ तेरह, रांची के छियत्तर, दुमका के छप्पन, धनबाद के पचास, हजारीबाग के पैंतालीस, देवघर के उनचालीस ,गिरिडीह के छब्बीस और पाकुड़ के बीस मरीज हैं।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने सहायक आचार्य के छब्बीस हजार पदों पर नियुक्ति के लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की है। अभ्यर्थी सात से बाइस अक्टूबर तक आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन निबंधन करा सकते हैं। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा सहायक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाए जाने के बाद आयोग ने आवेदन भरने की नई तारीख जारी की है।

****

राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है। सिटी–सह–ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि इस टीम में ट्रैफिक पुलिस थाना, नगर निगम और संबंधित थाना के प्रभारियों को टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में पुलिस लाइन के बीस जवान भी होंगे, जो विभिन्न चौक–चौराहों पर लगने वाले जाम को नियंत्रित करेंगे।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों पर क्राइम कंट्रोल एक्ट, सीसीए लगाने पर सहमति दे दी है। खूंटी के उपायुक्त ने उग्रवादी प्रकाश साहू, लखन गंझू और पौलुस टोपनो के खिलाफ सीसीए लगाने की अनुशंसा गृह विभाग से की थी।

****

हॉन्गझोउ एशियन गेम्स में भारत ने अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक सौ चार पदकों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। भारत अठाईस स्वर्ण, पैंतीस रजत और इकतालीस कांस्य जीतकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर बरकरार है। आज बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साइंराज की जोड़ी ने कोरिया को हरा कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं दूसरी ओर भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम और पुरूष कबड्डी टीम ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि महिला हॉकी टीम ने जापान को दो एक से हराकर कांस्य पदक जीता।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 19वें एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाडियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों में पहली बार सौ से अधिक पदक जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों ने पूरी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया और देश को उन पर गर्व है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आशा व्यंक्त की है कि ये खिलाडी आगामी प्रतियोगिताओं में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतने पर भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि 100 से अधिक पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर हर देशवासी रोमांचित है।

*********समाप्त********